"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 37] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 10 सितम्बर 2010—भाद्र 19, शक 1932

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुरःस्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 25 अगस्त 2010

क्रमांक ई-01-01/2010/एक/2.—श्री सरजियस मिंज, भा.प्र.से. (1978), अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं विकास आयुक्त तथा महानिदेशक, राज्य प्रशासन अकादमी को वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अपर मुख्य सचिव, वाणिज्य तथा उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम विभाग एवं आयुक्त, उद्योग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

2. श्री पी. रमेश कुमार, भा.प्र.से. (डब्ल्यू.बी. 86) आयुक्त, उद्योग एवं पदेन सचिव, वाणिज्य तथा उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम विभाग को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सचिव, ग्रामोद्योग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ. ग. हस्तशिल्प बोर्ड, संचालक, ग्रामोद्योग, हाथकरघा, रेशम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है.

श्री पी. रमेश कुमार द्वारा पदभार ग्रहण करने के दिनांक से श्री नारायण सिंह भा.प्र.से. (1977) सचिव, ग्रामोद्योग एवं तकनीकी शिक्षा,

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2010.

जनशक्ति विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा संचालक, ग्रामोद्योग, हाथकरघा, रेशम एवं प्रबंध संचालक, छ. ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड एवं सचिव, वन विभाग केवल सचिव, ग्रामोद्योग एवं संचालक, ग्रामोद्योग, हाथकरघा, रेशम एवं प्रबंध संचालक, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड के प्रभार से मुक्त होंगे.

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2010

क्रमांक ई-1-34/2004/एक/2.—श्री एस. पी. त्रिवेदी, भा.प्र.से. (1983) को अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति हेतु, पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 1983 बैच के भा.प्र.से. अधिकारियों के साथ दिनांक 19-5-2000 को संपन्न छानबीन समिति की बैठक में विचार किया गया. तत्समय श्री त्रिवेदी के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण विचाराधीन होने के कारण समिति द्वारा अपनी अनुशंसा बंद लिफाफे में रखी गई थी.

2. छत्तीसगढ़ राज्य पुनर्गठन (नवम्बर, 2000) पश्चात्, दिनांक 1-1-2002 की स्थिति में, वर्ष 1986 बैच के भा.प्र.से. अधिकारियों को अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति हेतु दिनांक 29-12-2001 को छानबीन समिति की बैठक सम्पन्न हुई. उक्त बैठक में भी श्री त्रिवेदी के नाम पर विचार किया गया किन्तु आपराधिक प्रकरण विचाराधीन होने के कारण समिति द्वारा अपनी अनुशंसा बंद लिफाफे में रखी गई.

3. श्री त्रिवेदी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर दिनांक 30-4-2004 को सेवानिवृत्त हुये हैं. श्री त्रिवेदी को अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति से संबंधित मुहरबंद लिफाफों की समीक्षा हेतु छानबीन समिति की बैठक दिनांक 25-2-2010 को सम्पन्न हुई, जिसमें श्री त्रिवेदी के मुहरबंद लिफाफे को खोलने का निर्णय लिया जाकर मुहरबंद लिफाफे को खोला गया तथा छानबीन समिति की बैठक दिनांक 19-5-2000 के अनुशंसा अनुसार दिनांक 19-5-2000 की स्थिति में श्री त्रिवेदी को पदोन्नति के लिये अयोग्य (Unfit) पाया गया. दिनांक 1-1-2002 की स्थिति में 1986 बैच के अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति हेतु, दिनांक 29-12-2001 को सम्पन्न बैठक में छानबीन समिति द्वारा श्री त्रिवेदी के पदोन्नति के संबंध में अनुशंसा मुहरबंद लिफाफे में रखी गई थी. उक्त मुहरबंद लिफाफे को खोला गया तथा दिनांक 1-1-2002 की स्थिति में श्री त्रिवेदी को अधिसमय वेतनमान में पदोन्नति के लिये योग (Fit) पाया है.

4. अत: राज्य शासन भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पदोन्नति से संबंधित दिशा-निर्देश, दिनांक 28-3-2000 के परिशिष्ट-II के पद-18 में निहित प्रावधान के तहत श्री एस. पी. त्रिवेदी, सेवानिवृत्त भा.प्र.से. (1983) को अधिसमय वेतनमान (रु. 18400-500-22400) का लाभ वर्ष 1986 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी होने के दिनांक से अर्थात् 1-1-2002 से प्रदान करता है.

रायपुर, दिनांक 31 अगस्त 2010

क्रमांक ई-1-6/2003/एक/2.—राज्य शासन भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पदोन्नति से संबंधित दिशा-निर्देश, दिनांक 28-3-2000 के परिशिष्ट-II के पद-18.2 में निहित प्रावधान के तहत श्री नारायण सिंह, भा.प्र.से. (1977) को प्रमुख वेतनमान HAG: 67000-(ANNUAL INCREMENT @ 3%)-79000 में पदोन्नत किया जाता है तथा उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक प्रमुख सचिव, वन, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के पद पर पदस्थ किया जाता है. प्रमुख सचिव वेतनमान का लाभ कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से देय होगा.

2. भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के पत्र क्रमांक 11030/22/2007-एआईएस-11, दिनांक 3-7-2009 द्वारा वर्ष 2010 के लिये प्रमुख सचिव वेतनमान में पदोन्नति हेतु 02 रिक्तियों का निर्धारण किया गया है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. जॉय. उम्मेन, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 31 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 6-4/2010/1/6.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, केन्द्रीय 13वें वित्त आयोग (2010-2015) के प्रतिवेदन के अध्याय 12 के बिन्दु क्रमांक 12.94 में "जिला नवाचार निधि" योजना के क्रियान्वयन के लिये जिला स्तर पर जिला कलेक्टर को सक्षम प्राधिकारी घोषित करता है.

No. F 6-4/2010/1-6.—The State Government hereby declares District Callectors as Competent Authority for the implementation of "District Innovation Fund" scheme in point No. 12.94 of Chapter 12 of report of 13th Central Financial Commission (2010-2015) at district level.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. मिश्रा, संयुक्त सचिव.

रायपुर, दिनांक 25 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 2-17/2010/1-8.—श्री आर. के. सिंह, प्रबंध संचालक, मंडी बोर्ड, रायपुर की सेवायें उनके पैतृक विभाग से लेते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से, अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, संयुक्त सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विभाग पदस्थ किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 25 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 2-19/2008/1-8.—श्री सी. पी. साहू, अनुभाग अधिकारी, राजभवन सचिवालय को उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अवर सचिव के पद पर पुनरीक्षित वेतन बैंड रुपये 15600-39100/-+ ग्रेड वेतन रुपये 6600/- में पदोन्नत करते हुए अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) में पदस्थ किया जाता है.

2. प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त पदों पर पदोन्नति के संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये आरक्षण संबंधी नियमों/आदेशों का पालन किया गया है.

3. राज्य पुनर्गठन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ आवंटित अधिकारियों द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के कारण पद उपलब्ध न होने पर अंतिम पदोन्नत कनिष्ठ व्यक्ति पदावनत होंगे.

रायपुर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक 966/722/2010/1-8/स्थां.—श्री अरूण कुमार सिंह, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को दिनांक 20-7-2010 से 2-8-2010 तक 14 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री अरूण कुमार सिंह को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में इन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रंमाणित किया जाता है कि श्री अरूण कुमार सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक 968/723/2010/1-8/स्था.—श्री एन. डी. भोयर, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 18-6-2010 से 31-7-2010 तक 44 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री एन. डी. भोयर को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में इन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री एन. डी.भोयर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 30 अगस्त 2010

क्रमांक 970/730/2010/1-8/स्था.—श्री एस. सी. श्रीमाल, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, संसदीय कार्य विभाग को दिनांक 31-7-2010 से 13-8-2010 तक 14 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री एस. सी. श्रीमाल को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, संसदीय कार्य विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में इन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री एस. सी. श्रीमाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 2 सितम्बर 2010

क्रमांक 972/728/2010/1-8/स्था.—श्री के. सी. वर्मा, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग को दिनांक 23-8-2010 से 4-9-2010 तक 13 दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. वर्मा को अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में इन्हें अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्री के. सी. वर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विजय कुमार सिंह, अवर सचिव.

गृह (पुलिस) विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2010

क्रमांक-एफ 3-70/2010/नजट/गृह-दो.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 क्रमांक 2 सन् 1974 की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नीचे दी गई सारणी में वर्णित स्थानीय क्षेत्रों को प्रभावित करने वाली पूर्व अधिसूचनाओं में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए राज्य शासन द्वारा जन सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से कालम नम्बर 3 में वर्णित पुलिस थाना के उक्त सारणी के कालम (4) की तत्संबंधित प्रवृष्टि में उल्लेखित किये गये स्थानीय क्षेत्रों को कालम नं. 2 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्राधिकार में अधिसूचित करता है.

क्र.	थाना/चौकी का नाम जिसमें शामिल किया जाना है	उस पुलिस थाने का नाम, तह. जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया	स्थानीय क्षेत्र	
			ग्राम का नाम	पटवारी ह. नं.
(1)	(2)	(3)	(4)	
1.	थाना-कुनकुरी	चौकी-दोकडा थाना कांसाबेल तह.-कुनकुरी	टांगरबहरी तह. कुनकुरी	04

(1)	(2)	(3)	(4)	
			क़ोरबाबहरी तह. कुनकुरी	04
			हर्राडांड तह.-कुनकुरी	04
			कोरंगा तह.-बगीचा	45
			पाकरटोली तह.-बगीचा	45
2.	थाना-विश्रामपुर चौकी-करंजी	थाना-जयनगर चौकी-करंजी	चौकी-करंजी के समस्त ग्राम	-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
क्षेत्रसिंह, अवर सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 अगस्त 2010

क्रमांक/एफ 7-06/32/2010.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत इस विभाग की समसंख्यक सूचना दिनांक 25-3-2010 द्वारा रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2021 में लोक प्रयोजनार्थ (बेसिक सर्विसेस फार अरबन पूअर योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम, रायपुर को भवन निर्माण हेतु) निम्नानुसार भूमि के उपांतरण प्रस्तावित करते हुये दो दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों में लगातार दो दिन प्रकाशित की गई थी :—

रायपुर विकास योजना पुनर्विलोकित (2021) के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा (वर्ग फुट में)	विकास योजना अंगीकृत प्रस्ताव	अधिनियम की धारा 23 'क' के तहत् उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	गोगांव (रायपुर)	107/1	0.202 में से 0.200 हे. लगभग	औद्योगिक	आवासीय
		114	0.688 में से 0.280 हे. लगभग	औद्योगिक	आवासीय
		106/514	0.437 में से 0.261 हे. लगभग	औद्योगिक	आवासीय

2. सूचना में उल्लेखित, समयावधि में कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुआ है.

3. अत: राज्य शासन एतद्द्वारा रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2021 में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है. उक्त उपांतरण रायपुर विकास योजना (पुनर्विलोकित) 2021 का अंगीकृत भाग होगा.

रायपुर, दिनांक 28 अगस्त 2010

क्रमांक-एफ 7-29/2010/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उपधारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए अंबागढ़ चौकी, निवेश क्षेत्र का गठन करती है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चत की गई है :—

अनुसूची

अंबागढ़ चौकी निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम केकतीटोला, ग्राम मालडोंगरी, ग्राम मेरेगांव तथा ग्राम केसला की उत्तरी सीमा तक.

पूर्व में : ग्राम केसला, ग्राम सिर्राभाटा, ग्राम बोईरडीह तथा ग्राम अंबागढ़ चौकी की पूर्वी सीमा तक.

दक्षिण में : ग्राम अँबागढ़ चौकी, ग्राम कान्हे तथा ग्राम हाथीकन्हार की दक्षिणी सीमा तक.

पश्चिम में : ग्राम हाथीकन्हार तथा ग्राम केकतीटोला की पश्चिमी सीमा तक.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अमित कटारिया, उप-सचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 10-23/2010/16.—छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 (1960 का क्रमांक 27) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए इस संबंध में पूर्व में प्रसारित समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा "श्री आलोक अवस्थी" को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए "श्रम आयुक्त" नियुक्त करता है.

No. F 10-23/2010/16.—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 3 of Chhattisgarh Industrial Relation Act, 1960 (No. 27 of 1960). The State Government in supersession of all previous notification issued in this regard, appoints "Shri Alok Awasthi" as the "Labour Commissioner" for the State of Chhattisgarh.

रायपुर, दिनांक 26 अगस्त 2010

क्रमांक एफ 10-23/2010/16.—छत्तीसगढ़ औद्योगिक संबंध अधिनियम, 1960 की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए इस संबंध में पूर्व में प्रसारित समस्त अधिसूचनाओं को अधिक्रमित करते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा "श्री आलोक अवस्थी" श्रम आयुक्त को छत्तीसगढ़ राज्य के लिए "मुख्य संराधक" नियुक्त करता है.

No. F 10-23/2010/16.—In exercise of powers conferred by sub-section (1) of section 4 of Chhattisgarh Industrial Relation Act, 1960 and in supersession of all previous notification issued on the subject, State Government hereby appoints "Shri Alok Awasthi" Labour Commissioner to be "Chief Conciliator" for the State of Chhattisgarh.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. कुंजाम, उप-सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक 09/अ-82/2009-10/सा-1-सात.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	बिलासपुर	नगोई	11.586	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2, बिलासपुर.	कोनी-मोपका बायपास मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ.वि.अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक 10/अ-82/2009-10/सा-1-सात.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	बिलासपुर	सेन्दरी	4.004	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2, बिलासपुर.	कोनी-मोपका बायपास मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ.वि.अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक 11/अ-82/2009-10/सा-1-सात.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	बिलासपुर	रमतला	9.441	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2, बिलासपुर.	कोनी-मोपका बायपास मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ.वि.अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक 12/अ-82/2009-10/सा-1-सात.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	बिलासपुर	बिरकोना	11.053	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2, बिलासपुर.	कोनी-मोपका बायपास मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ.वि.अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक 13/अ-82/2009-10/सा-1-सात.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	बिलासपुर	बिजौर	5.484	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 2, बिलासपुर.	कोनी-मोपका बायपास मार्ग निर्माण हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अ.वि.अ. (राजस्व), बिलासपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सोनमणि बोरा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

धमतरी, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक/480/क/भू-अर्जन/2010/07 अ/82 वर्ष 2009-10.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दीं गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
धमतरी	मगरलोड	अमलीडीह	1.07	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग, रायपुर.	पैरी नदी सेतु के पहुंच मार्ग हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कुरूद, मुख्यालय कुरूद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

धमतरी, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक/481/क/भू-अर्जन/2010/06 अ/82 वर्ष 2009-10.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
धमतरी	मगरलोड	भोथा	2.45	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग, रायपुर.	महानदी सेतु के पहुंच मार्ग हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कुरूद, मुख्यालय कुरूद के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संगीता पी. कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायपुर, दिनांक 27 जुलाई 2010

क्रमांक/क/भू-अर्जन/10/रा.प्र.क्र. 11/ए-82/2010-11.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
रायपुर	बलौदाबाजार	पनगांव प. ह. नं. 17	2/2	0.049	सचिव, कृषि उपज मंडी समिति, बलौदाबाजार.	नवीन मंडी प्रांगण हेतु
			2/3	0.012		
			15/1	0.081		
			3/2	0.032		
			4/1 (क)	0.328		
			13	0.121		

(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
			4/1 (ख)	0.328		
			4/2	0.656		
			8/2, 9/3, 49/2	0.093		
			39/2, 46/2	0.020		
			5	0.239		
			6	0.134		
			7	0.016		
			10	0.093		
			11	0.081		
			12	0.048		
			40	0.040		
			14	0.142		
			15/2	0.081		
			15/3	0.081		
			15/4	0.081		
			36	0.032		
			37	0.080		
			38	0.049		
			39/1, 46/1	0.109		
			47	0.093		
		योग	23	3.119		

रायपुर, दिनांक 27 जुलाई 2010

क्रमांक/क/भू-अर्जन/प्र.क्र. 12 अ/82/2009-10.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
रायपुर	भाटापारा	गुडाघाट प. ह. नं. 23	99/1	0.126	कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर छ. ग.	मोतिमपुर एनीकट के पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य हेतु.
			99/2	0.053		
			98/1	0.109		
			98/2	0.036		
			100	0.138		
		योग	5	0.462		

रायपुर, दिनांक 30 जून 2010

क्रमांक/क/वा.भू.आ./अ.वि.अ./10.—भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 18/अ-82/वर्ष 1991-92, ग्राम सिलतरा, प. ह. नं. 90 तहसील व जिला रायपुर के संबंध में चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाना क्रमांक 1 से 6 तक की भूमि जिसका अवार्ड दिनांक 29-03-1994 द्वारा किया गया है को जनहित में भू-अर्जन से प्रत्याहृत किया जाना युक्तियुक्त है.

अत: भू-अर्जन अधिनियम की धारा 48 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुये संलग्न अनुसूची में खाना क्रमांक 1 से खाना क्रमांक 6 तक की वर्णित भूमि को भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 18/अ-82/वर्ष 1991-92 दिनांक 23-03-1994 में पारित अवार्ड से प्रत्याहरण किया जाता है.

अनुसूची

भूमि का वर्णन

जिला	तहसील	ग्राम/नगर प.ह.नं.		खसरा नं.	क्षेत्रफल हेक्टेयर में
(1)	(2)	(3)		(4)	(5)
रायपुर	रायपुर	सिलतरा, 90		506/1	1.295
			योग	01	1.295

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय गर्ग, कलेक्टर एवं पदेन सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

दुर्ग, दिनांक 23 अगस्त 2010

क्रमांक/1653/प्र-1/भू-अर्जन/अविअ/2010.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-दुर्ग
- (ख) तहसील-गुण्डरदेही
- (ग) नगर/ग्राम-सिब्दी, प. ह. नं. 4
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.28 एकड़

	खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
	(1)	(2)
	753	0.06
	32	0.22
योग	2	0.28

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, पाटन, मुख्यालय दुर्ग के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राम सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

कोरबा, दिनांक 20 अगस्त 2010

क्रमांक/क/1399/भू-अर्जन/2010.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-कोरबा
- (ख) तहसील-पाली
- (ग) नगर/ग्राम-बोईदा
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.40 एकड़

	खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
	(1)	(2)
	1/5	0.20
	1/8	0.20
योग	2	0.40

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- फुटामुड़ा जलाशय बांध निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी, कटघोरा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. पी. एस. त्यागी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बस्तर, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

बस्तर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक/क/भू-अर्जन/03/अ-82/2009-10.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-बस्तर
- (ख) तहसील-बस्तर
- (ग) नगर/ग्राम-सोनारपाल, प. ह. नं. 09
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.33 हेक्टेयर

	खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
	(1)	(2)
	190/34	0.08
	53/20 क	0.12
	53/20 ख	0.13
योग	3	0.33

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का नाम-कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत सोनारपाल-देवड़ा माइनर नहर निर्माण कार्य हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी, बस्तर अथवा संबंधित विभाग के कार्यालय में किया जा सकता है.

बस्तर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक/क/भू-अर्जन/04/अ-82/2009-10.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-

(क) जिला-बस्तर

(ख) तहसील-बस्तर

(ग) नगर/ग्राम-केशरपाल, प. ह. नं. 6

(घ) लगभग क्षेत्रफल-0.537 हेक्टेयर

	खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
	(1)	(2)
	36	0.051
	94	0.174
	100	0.114
	101	0.198
योग	4	0.537

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का नाम-कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत केशरपाल माइनर नहर क्रमांक 02 के निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/भू-अर्जन अधिकारी, बस्तर अथवा संबंधित विभाग के कार्यालय में किया जा सकता है.

बस्तर, दिनांक 27 अगस्त 2010

क्रमांक/क/भू-अर्जन/05/अ-82/2009-10.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-

(क) जिला-बस्तर

(ख) तहसील-बस्तर

(ग) नगर/ग्राम-केशरपाल, प. ह. नं. 60

(घ) लगभग क्षेत्रफल-0.899 हेक्टेयर

	खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
	(1)	(2)
	50	0.036
	67	0.066
	68	0.198
	69	0.132
	70	0.222
	71/4	0.135
	71/5	0.020
	71/7	0.090
योग	8	0.899

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का नाम-कोसारटेडा मध्यम सिंचाई परियोजना अन्तर्गत केशरपाल माइनर नहर क्रमांक 3 निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू-अर्जन अधिकारी, बस्तर अथवा कार्यपालन अभियंता, टी.डी.पी.पी., जल संसाधन संभाग, जगदलपुर जिला बस्तर के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. परस्ते, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 31 जुलाई 2010

प्रकरण क्र. 20/अ-82/2008-09.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-

(क) जिला-बिलासपुर

(ख) तहसील-तखतपुर

(ग) नगर/ग्राम-सकरी

(घ) लगभग क्षेत्रफल-0.07 एकड़

खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
(1)	(2)
44/3	0.07
योग 1	0.07

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- सकरी से पेण्ड्रीडीह बाईपास मार्ग निर्माण.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कोटा के कार्यालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकेश बंसल, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

बिलासपुर, दिनांक 7 अगस्त 2010

क्रमांक/11/अ-82/2007-08.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-बिलासपुर छ. ग.
- (ख) तहसील-तखतपुर
- (ग) नगर/ग्राम-तखतपुर, प. ह. नं. 16
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-1.77 एकड़

खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
(1)	(2)
54	0.14
55/2	0.30
56	0.16
65	0.42
64	0.02
75/1	0.02
75/2	0.03
76	0.12
66	0.32
74	0.03
77	0.21
योग	1.77

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- तखतपुर कुरानकापा मार्ग पर मनियारी नदी पर पुल निर्माण के पहुंच मार्ग कार्य हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कोटा के कार्यालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 31 अगस्त 2010

प्रकरण क्रमांक 13/अ-82/2008-09.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-बिलासपुर
- (ख) तहसील-बिलासपुर
- (ग) नगर/ग्राम-तिफरा
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-10.193 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
968	0.220
967	0.129
965	0.129
964	0.125
961	0.125
962	0.095
959	0.055

(1)	(2)	(1)	(2)
960/1, 2, 4	0.185	785	0.180
960/3	0.085	786/1	0.015
948	0.125	786/2	0.008
950/1	0.202	786/3	0.008
950	0.275	786/4	0.004
949	0.230	786/5	0.020
947	0.020	786/6	0.020
946	0.225	786/7	0.004
945/2	0.061	786/8	0.004
945/3	0.885	786/9	0.004
945/4	0.125	786/10	0.004
945/5	0.095	786/11	0.004
945/6	0.035	786/12	0.045
945/7	0.412	786/13	0.008
944	0.175	733	0.140
918	0.245	734	0.010
943	0.155	735/1	0.214
917	0.215	735/2	0.214
868/2	0.086	736/1	0.014
869	0.565	736/2	0.017
870	0.175	736/3	0.024
849/1	0.012	736/4	0.020
849/2	0.018	736/5	0.006
849/3	0.005	736/6	0.015
849/4	0.005	736/7	0.014
849/5, 6	0.010	736/8	0.006
849/7	0.050	736/9	0.012
849/8	0.060	736/10	0.007
849/9	0.060	736/11	0.008
847/2	0.016	736/12	0.006
846	0.036	736/13	0.008
845	0.018	736/14	0.006
844/1	0.113	736/15	0.008
844/2	0.113	736/16	0.020
840	0.430	736/17	0.006
837	0.356	736/18	0.014
836	0.165	736/19	0.008
838	0.018	737/1	0.069
839	0.350	737/2	0.101
828	0.050	738/1, 3	0.320
824	0.022	739/1, 2	0.025
826	0.090	740	0.048
854	0.330	741/1	0.030
827/1, 2	0.455	741/2, 3	0.030
816	0.006	742/1	0.050
		742/2	0.065

(1)	(2)
742/3	0.030
742/4	0.020
योग	10.193

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- बिलासपुर-उस्लापुर फ्लाई ओवर निर्माण हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बिलासपुर के न्यायालय में किया जा सकता है.

बिलासपुर, दिनांक 1 सितम्बर 2010

प्रकरण क्रमांक 14/अ-82/2008-09.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-बिलासपुर
- (ख) तहसील-बिलासपुर
- (ग) नगर/ग्राम-सिरगिट्टी
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-7.599 हेक्टेयर

खसरा नम्बर (1)	रकबा (हेक्टेयर में) (2)
82/1	0.028
83/1	0.081
118/1	0.275
117/2	0.008
117/3	0.008
116/1	0.008
116/2	0.008
115	0.008
114/1	0.405
114/2	0.283
112	0.368
113	0.283
109	0.425
110/13	0.615
110/10	0.125
110/9	0.155
110/8	0.185
110/7	0.245
110/3	0.045
153/1, 2	0.170
174/1	0.008
174/2	0.008
174/3	0.008
154/3	0.027
173	0.121
172	0.150
185	0.254
171	0.215
186/3	0.664
186/2, 1, 4	0.165
188/2	0.162
601	0.603
602/2	0.216
189/4	0.160
189/59	0.026
189/73	0.020
189/66	0.026
194	0.405
191	0.264
192/1	0.008
601/3	0.009
600/1	0.055
602/1	0.265
606	0.032
607	0.004
610/1	0.004
योग	7.599

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-बिलासपुर-उस्लापुर फ्लाई ओवर निर्माण हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बिलासपुर के न्यायालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सोनमणि बोरा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायपुर, दिनांक 12 जुलाई 2010

क्रमांक-क/भू-अर्जन/2010/6/ए-82/वर्ष 2009-10.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-

(क) जिला-रायपुर

(ख) तहसील-बलौदाबाजार

(ग) नगर/ग्राम-देवरी, प. ह. नं. 02

(घ) लगभग क्षेत्रफल-9.736 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
918/6	0.384
942	0.037
944/2	0.202
949	0.012
974/2-1045/2	0.142
976/2	0.016
980	0.041
981	0.267
983/1	0.142
987/2	0.012
988-989	0.275
990/1	0.009
992	0.004
999/2	0.004
1001/2	0.033
1013/1	0.012
1015/4	0.021
